हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 27 अप्रैल 2026

04 फाइनल मैच में आईपीसीए ने अलअहमद को नौ विकेट...



07 मुनि संस्कार सागर जी ने कोठरी के बेदी प्रतिष्ठा...





### मरीजों में नाराजगी : इमरजेंसी में भी पहले काटी जा रही पार्किंग रसीद, जिम्मेदार मौन

# गजब ट्रामा सेंटर: 10 रुपए में सरकारी इलाज दो पहिया वाहन की पार्किंग का शुल्क 20 रुपए

कई बार 5 से 10 मिनट तक रसीद के चक्कर में मरीज गेट पर ही परेशान होता रहता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला अस्पताल में इलाज तो 10 रुपए के पर्चे पर मिल जाता है, लेकिन अस्पताल परिसर में दोपहिया वाहन खड़ा करने के लिए मरीजों के परिजनों से 20 रुपए वसूले जा रहे हैं। सरकारी अस्पताल में इलाज से महंगी पार्किंग होने पर मरीज और उनके परिजन नाराज हैं।

**इलाज सस्ता, पार्किंग महंगी**

जिला अस्पताल में 10 रुपए के पर्चे पर डॉक्टर का परामर्श और दवाइयां मुफ्त मिलती हैं। मगर हकीकत यह है कि अस्पताल गेट पर ही पार्किंग कर्मी 20 रुपए की रसीद काटने के बाद ही वाहन को अंदर जाने देते हैं। यानी मरीज के इलाज से पहले परिजन को पार्किंग शुल्क चुकाना पड़ रहा है।

**इमरजेंसी में भी नहीं मिली रियायत**

मरीजों का आरोप है कि गंभीर हालत में पहुंचने पर भी पार्किंग कर्मी रसीद काटे बिना अंदर नहीं जाने देते। कई बार 5 से 10 मिनट तक रसीद के चक्कर में मरीज गेट पर ही परेशान होता रहता है। संवेदनशीलता की कमी से परिजनों में आक्रोश है।



फाइल फोटो

**मरीज के परिजन ने बताई आपबीती**

मंडी निवासी राजेश राय रात 9 बजे अपने परिजन को आंखों की समस्या के कारण जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। राजेश ने बताया, "जैसे ही गाड़ी खड़ी की, पार्किंग कर्मी ने रोक दिया। मैंने कहा मरीज को अंदर छोड़कर आता हूं, फिर पैसे दे दूंगा, लेकिन कर्मी ने साफ कहा—पहले 20 रुपए निकालो, फिर अंदर जाओ।"

**जिम्मेदारों की चुप्पी पर सवाल**

स्थानीय लोगों का कहना है कि अस्पताल में हो रही इस वसूली की जानकारी जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों को है। कई बार शिकायतें भी की गईं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदारों की चुप्पी इस अवैध वसूली को मौन स्वीकृति दे रही है। अस्पताल परिसर में हो रही इस वसूली से जिला अस्पताल की छवि धूमिल हो रही है। मरीजों ने प्रशासन से मांग की है कि इमरजेंसी और ओपीडी के मरीजों के लिए पार्किंग निःशुल्क की जाए और अवैध वसूली पर रोक लगाई जाए।

सिविल सर्जन डॉ. यूके श्रीवास्तव ने बताया कि यदि इस तरह से अधिक पार्किंग शुल्क वसूला जा रहा है तो जांच के बाद ठेकेदार पर कार्रवाई की जाएगी।


फाइल फोटो

**सरकारी दावों पर उठे सवाल**

एक ओर सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मुफ्त और सुलभ बनाने के दावे कर रही है, वहीं दूसरी ओर 10 रुपए के पर्चे के मुकाबले 20 रुपए की पार्किंग पर्ची सरकारी दावों पर सवाल खड़े कर रही है। आम आदमी पूछ रहा है कि जब इलाज मुफ्त है तो अस्पताल में घुसते ही 20 रुपए का शुल्क किस बात का लिया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### स्लॉट बुकिंग के लिए संभागवार समय सारणी निर्धारित



**सीहोर।** मध्यप्रदेश में गेहूं उपार्जन पोर्टल पर अधिक ट्रैफिक (सर्वर लोड) को देखते हुए किसानों की सुविधा के लिए संभाग-वार स्लॉट बुकिंग का समय निर्धारित किया गया है, ताकि पोर्टल पर दबाव कम हो और किसान आसानी से स्लॉट बुक कर सकें। किसानों को यह सुझाव दिया गया है कि वे अपने संभाग के लिए निर्धारित समय पर ही स्लॉट बुकिंग के लिए प्रयास करें और स्लॉट बुकिंग करते समय इंटरनेट कनेक्शन स्थिर रखें, ताकि बुकिंग प्रक्रिया बीच में न रूके। संभागों के लिए निर्धारित समय सारणी अनुसार दोपहर 03:00 बजे से सागर संभाग, शाम 05:00 बजे से रीवा संभाग, शाम 07:00 बजे से ग्वालियर, चम्बल, शहडोल एवं जबलपुर संभाग के लिए समय निर्धारित किया गया है। इसी प्रकार भोपाल एवं नर्मदापुरम संभाग तथा इंदौर एवं उज्जैन संभाग के किसानों के लिए पोर्टल पर अलग से विकल्प दिया गया है। वे सीधे उस लिंक/ऑप्शन का उपयोग कर स्लॉट बुक कर सकते हैं।

### स्वास्थ्य परीक्षण व मलेरिया जागरुकता शिविर आयोजित



**सीहोर।** विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर सीहोर के मंडी स्थित संजीवनी क्लिनिक पर स्वास्थ्य परीक्षण एवं मलेरिया जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर मरीजों को मलेरिया के उन्मूलन प्रति जागरूक किया और मलेरिया उन्मूलन की शपथ दिलाई गई। शिविर में मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

## मोलगा-रामनगर रोड पर युवक का शव मिला : शरीर पर धारदार हथियार के निशान, कॉल डिटेल निकाल रही पुलिस

**इछावर।** जिले के इछावर क्षेत्र में मोलगा-रामनगर मुख्य मार्ग पर रविवार सुबह एक युवक का शव मिला है। राहगीरों ने सड़क किनारे खून से सना शव देखकर पुलिस को सूचना दी। मृतक के शरीर पर धारदार हथियार से हमले के गहरे निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस की शुरुआती जांच में मृतक की पहचान ग्राम सतपीपलीया निवासी अंकुश परमार के रूप में हुई है। परिजनों ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की।

**शरीर पर कई जगह जख्म के निशान**

मृतक के शरीर पर गहरे जख्म मिले हैं, जो धारदार हथियार से किए गए प्रतीत होते हैं। सूचना मिलते ही इछावर पुलिस बल मौके पर पहुंचा और घटनास्थल को सील कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस प्रथम दृष्टया इसे हत्या का मामला मान रही है। धारदार हथियार के निशान स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। पुलिस रंजिश और अन्य संभावित पहलुओं पर बारीकी से जांच कर रही है।



एसपी दीपक शुक्ला ने बताया कि आज सुबह करीब 9:30 बजे ग्राम सतपीपलीया निवासी देवेंद्र परमार (32) ने सूचना दी कि उनके भाई अंकुश परमार (28) का शव इछावर-रामनगर रोड पर हेमराज के खेत की मेड के पास सतपीपलीया के कच्चे रास्ते पर पड़ा है। सूचना पर देहाती मर्ग इंटीमेशन दर्ज किया गया है।

**फॉरेंसिक टीम साक्ष्य जुटाने पहुंची**

एसपी शुक्ला के अनुसार, शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला है और उस पर धारदार हथियार से चोट के निशान हैं। भोपाल से एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लैब) टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया है। पुलिस गांव के पुराने विवादों और अंकुश की कॉल डिटेल्स खंगाल रही है ताकि हत्या की गुत्थी सुलझाई जा सके।

### कटर से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

## पान की दुकान पर हुआ था विवाद, 6 लोग घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के बुधनी में 24 अप्रैल की रात बस स्टैंड के पास एक पान-बेकरी की दुकान पर धारदार कटर से हमला हुआ। इस घटना में छह लोग घायल हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रतीक पालीवाल को गिरफ्तार कर लिया है। एसडीओपी बुधनी रवि शर्मा ने बताया कि यह घटना राकेश चौहान की पान-बेकरी की दुकान पर हुई। रेहटी निवासी अनिल चौहान (25) की रिपोर्ट पर आरोपी प्रतीक पालीवाल के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

**कटर से किया हमला**

प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी ने शराब के नशे में फरियादी और उसके साथियों से विवाद किया। इसके बाद उसने जान से मारने की नीयत से धारदार कटर से हमला कर दिया। पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला के निर्देश और एसडीओपी रवि शर्मा के मार्गदर्शन में रेहटी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।



**घायलों को भोपाल रेफर किया गया**

घायलों में अनिल चौहान (25), राकेश चौहान (46), राजेश चौहान (50), अंकित चौहान (29), धर्मेंद्र चौहान (45) सभी रेहटी निवासी शामिल हैं।

इनके अलावा डोलरिया, नर्मदापुरम निवासी वीरेंद्र राजपूत (30) भी घायल हुए हैं। सभी को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए भोपाल रेफर किया गया है। मामले की जांच जारी है।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में अनेक गतिविधियां आयोजित




**सीहोर।** सीहोर के शासकीय महिला पॉलीटेक्निक कॉलेज में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत 10 अप्रैल से 25 अप्रैल 2026 तक अनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस दौरान नारी शक्ति वंदन विषय पर विशेष व्याख्यान, विचार-विमर्श, पोस्टर प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता, प्रस्तावना का सामूहिक वाचन सहित अनेक गतिविधियां आयोजित की गईं। 25 अप्रैल को इन गतिविधियों के समापन पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर एसडीओ सुश्री पूजा शर्मा ने छात्राओं को स्वाभिमान, आत्मसम्मान एवं सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ या अनुचित घटना होने पर बिना संकोच तुरंत पुलिस को सूचना दें, जिससे समय पर सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. प्रमोद शर्मा एवं डॉ. पंकज जैन उपस्थित थे।

### महिला ने युवक को पीटा: ट्रैफिक थमा, टीआई बोले- अभी कोई शिकायत नहीं



**सीहोर।** जिला मुख्यालय के कर्बला पुल पर एक महिला द्वारा एक युवक की पिटाई का वीडियो सामने आया है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि यह घटना बीते दिन शाम की है।

वीडियो में देखा जा सकता है कि एक महिला युवक को थप्पड़ और लातों से मार रही है। आसपास मौजूद लोग इस दौरान मौके पर खड़े दिखाई देते हैं। कुछ लोग घटना का वीडियो बनाते हुए भी नजर आ रहे हैं। वीडियो में दिख रहा विवाद बढ़ने पर कुछ राहगीरों ने बीच-बचाव करने की कोशिश की। काफी देर बाद महिला को शांत कराया जा सका। इस दौरान कर्बला पुल पर कुछ समय के लिए यातायात भी प्रभावित होता दिखाई देता है।

हालांकि, मारपीट के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। इस संबंध में अभी तक किसी पक्ष की ओर से आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। मंडी थाना प्रभारी सुनील मेहर ने बताया कि पुलिस को वायरल वीडियो के संबंध में अभी तक कोई औपचारिक जानकारी नहीं मिली है और न ही किसी ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## कैदी भाईयों को स्वरोजगार से जोड़ने का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सीहोर स्थित जिला जेल में बंदियों के लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक एवं प्ली बारगेनिंग योग्य मामलों के निराकरण के लिए विशेष जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस जेल लोक अदालत में कुल 5 मामले रेफर किये गये।

इस अवसर पर प्रधान जिला न्यायाधीश संजीव कुमार अग्रवाल ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीहोर द्वारा बैंक ऑफ इंडिया लीड बैंक एवं स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के सहयोग से बंदियों में दक्षता निर्माण हेतु प्रारंभ की गई पहल दक्षता से स्वावलंबन के अंतर्गत अगरबत्ती, साबुन, सर्फ, फिनाइल, दीया आदि सामग्री निर्माण का 12 दिवस का प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 29 बंदियों को प्रमाण-पत्र वितरित किये। उन्होंने बंदियों से कहा कि वे जेल से बाहर निकलने के बाद स्वावलंबी बनें और अपना भविष्य उज्जवल करें। सचिव स्वप्नश्री सिंह ने कहा कि बंदियो को इस अवसर का लाभ उठाते हुये अपनी कला को निखारना चाहिए ताकि बाजार में उन्हें उनकी सामग्री के अच्छे दाम प्राप्त हो और उनका जीवन यापन जेल के बाहर भी सरलता से हो सके। इसी उद्देश्य से दक्षता से स्वावलंबन प्रशिक्षण की पहल प्रारंभ की गई है। इस अवसर पर न्यायाधीशों बंदियों द्वारा बनाई गई सामग्रियां भी खरीदीं। इस अवसर पर जेल लोक अदालत खण्डपीठ प्रभारी अधिकारी विनीता गुप्ता, जिला विधिक सहायता अधिकारी जीशान खान, जेलर अक्षय सिंहोतके एवं लोक अदालत खंडपीठ के सदस्य राजेंद्र कुशवाह एवं सुमन सिकरवार तथा स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के प्रतिनिधि सहित बंदी गण उपस्थित रहे।



### कथाओं से ही हमारी सनातनी संस्कृति आज तक जीवित: महंत रामभूषण

## प्राण-प्रतिष्ठा: महाकुंभ कलश यात्रा में आए संतों की विदाई, श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ आरंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

इंटरनेट के कारण अश्लील सामग्रियों की बाढ़ सी आ गई है। जिससे हमारी मानसिकता दूषित हो रही है और कुछ षडयंत्रकारी लोग यही चाह रहे है कि हमारी मानसिकता दूषित हो और हम और हमारी संस्कृति पिछड जाए। लेकिन कथाओं और सत्संग के कारण ही हमारी सनातनी संस्कृति आज तक जीवित है इसलिए जहां भी कथा हो श्रवण अवश्य करना चाहिए, जहां पर भी धार्मिक कार्य हो वहां पर अपना योगदान देना चाहिए। नई पीढ़ी में अच्छे संस्कार डालने और भारत की गौरवशाली परंपरा से वाकिफ करवाने के लिए शिक्षा पद्धति में कुछ बदलाव की आवश्यकता है।



उक्त विचार शहर के प्राचीन सिद्ध पीठ श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर कोलीपुरा में आयोजित संत समागम के अंतिम दिवस श्री-श्री 1008 महामंडलेश्वर महंत रामभूषण दास महाराज ने कहे। शहर के कोलीपुरा में आर्यावत षट्दर्शन साधु मंडल भारत के तत्वाधान में दो दिवसीय संत समागम का आयोजन किया गया था।

रविवार को अंतिम दिवस यहां पर आए संत समागम और महाकुंभ कलश यात्रा में शामिल साधु-संतों का महामंडलेश्वर महंत रामभूषण दास महाराज, संत माधव दास महाराज, मुख्य यजमान श्रीमती नमिता अखिलेश राय, यात्रा प्रभारी सन्नी सरदार, यज्ञाचार्य पंडित कुणाल व्यास, बजरंग दल के अध्यक्ष जगदीश कुशवाहा, सह प्रभारी रजत मुंदडा आदि ने यहां पर आए नागा साधुओं और संतों का सम्मान कर विदाई दी।

वहीं सुबह यहां पर पंचाग पूजन, मंडल प्रवेश, देवता आह्वान और अग्नि स्थापना का आयोजन यज्ञशाला में किया गया। वहीं भव्य पंच कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के दूसरे दिवस सुबह आठ बजे प्रथम सत्र में नित्य पूजन, अभिषेक, अर्चन और हवन का आयोजन किया जाएगा।

**खबर संक्षेप**

### होटल आतिथ्य सत्कार पर आधारित डिग्री व डिप्लोमा के आवेदन शुरू

**सीहोर।** भारत सरकार के होटल प्रबन्ध, खान-पान तकनीकी एवं पोषण आहार स्वायत्त संस्थान ग्वालियर के निर्देशानुसार अनुसूचित जाति/जनजाति के छात्रों को अध्ययन के लिए प्रवेश दिये जाने के संबंध में होटल आतिथ्य सत्कार पर आधारित तीन वर्षीय डिग्री पाठ्यक्रम एवं 1 वर्ष 6 माह का डिप्लोमा पाठ्यक्रम का अध्ययन संपन्न कराया जाता है। जिसके लिये प्रवेश राष्ट्रीय परिषद, होटल प्रबन्ध केटरिंग टेक्नॉलॉजी, नोएडा के द्वारा चयन परीक्षा में रैंक के माध्यम से किया जाता है। जिसमें छात्र को 12 वीं की परीक्षा अंग्रेजी एक विषय के साथ उत्तीर्ण होना आवश्यक है तथा वर्तमान में अध्ययनरत छात्र/छात्रायें एवं 12 वी उत्तीर्ण छात्र/छात्रायें भी संस्था स्तर पर डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं। संस्थान के लिये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आरक्षित वर्ग के छात्रों के लिए आरक्षित सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा एवं प्रवेश परीक्षा के उपरान्त शेष रहे अनु. जाति एवं अनु. जनजाति के छात्रों के अवशिष्ट या रिक्त रहे स्थानों पर टेस्ट देकर प्रवेश दिया जाएगा। जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक अरविंद कुशवाह ने कहा कि इस पाठ्यक्रम के लिए संस्था द्वारा छात्रों का मार्ग दर्शन कर राज्य शासन अथवा केन्द्र शासन के नियमानुसार छात्रवृत्ति दिलाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

## घाट-घाट पर फैला संगठित नेटवर्क, महिलाओं की गुहार भी रही बेअसर

# नर्मदा तट पर प्रतिबंध बेअसरः झोपड़ियों-तंबुओं से धड़ल्ले से बिक रहा गिला-सूखा नशा, जिम्मेदार मौन

### घाटों पर रात होते ही सजते मयखाने, डायरी सिस्टम से सप्लाई, महिलाओं की गुहार भी अनसुनी-आबकारी पर साठगांठ के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





आस्था की प्रतीक नर्मदा के पवित्र तट इन दिनों अवैध नशे के कारोबार का सुरक्षित ठिकाना बनते जा रहे हैं। शासन के सख्त आदेशों के बावजूद जमीनी हकीकत इसके ठीक उलट नजर आ रही है। नदी किनारे बनी अस्थायी झोपड़ियों और तंबुओं से खुलेआम कच्ची, देशी और विदेशी शराब के साथ गांजे जैसे मादक पदार्थों की बिक्री धड़ल्ले से जारी है। हालात यह हैं कि दिन के उजाले से लेकर रात के अंधेरे तक घाटों पर नशे का कारोबार बिना किसी रोक-टोक के फल-फूल रहा है, जबकि जिम्मेदार विभाग मौन साधे बैठे हैं।

### घाट-घाट पर फैला संगठित नेटवर्क

डिमाबर, अंबा, चोरसाखेड़ी और छीपानेर जैसे प्रमुख घाटों पर अवैध शराब बिक्री के आरोप लगातार सामने आ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यह अब छोटा-मोटा धंधा नहीं, बल्कि संगठित नेटवर्क का रूप ले चुका है। दलालों के माध्यम से शराब और अन्य नशीले पदार्थ सीधे नर्मदा तट तक पहुंचाए जा रहे हैं, जिससे उपभोक्ताओं को आसानी से उपलब्धता मिल रही है और कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं।

**डायरी सिस्टम से सप्लाई, ढाबों-होटलों तक पहुंच :** सूत्रों की मानें तो इस अवैध कारोबार को 'डायरी सिस्टम' के जरिए संचालित किया जा रहा है, जिसमें जुड़े लोग बड़े पैमाने पर शराब की सप्लाई तटों तक कर रहे हैं। इतना ही नहीं, क्षेत्र के कई होटल और ढाबों पर भी खुलेआम शराब परोसी जा रही है। यह संकेत देता है कि कारोबार गहरे स्तर पर जड़ें जमा चुका है और इसमें कई स्तरों पर मिलीभगत की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### महिलाओं की गुहार भी अनसुनी

नर्मदा से सटे गांवों की महिलाओं ने भी इस अवैध कारोबार के खिलाफ आवाज उठाई थी। बड़ी संख्या में उन्होंने तहसील कार्यालय और थाना भैरूंदा में ज्ञापन सौंपकर गांवों में शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग की थी। लेकिन प्रशासनिक स्तर पर ठोस कार्रवाई न होने से उनकी गुहार भी अनसुनी रह गई। इसके चलते शराब माफियाओं के हौसले और बुलंद हो गए हैं और अब खुलेआम गिला व सूखा नशा बेचा जा रहा है।

### कागजों में सिमटी शराबबंदी

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा नर्मदा किनारे शराब बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश दिए गए थे, लेकिन इनका असर सिर्फ लाइसेंसी दुकानों के बंद होने तक सीमित रह गया। प्रतिबंध के बाद अवैध कारोबारियों को खुली छूट मिल गई और अब वही तट नशे के बड़े केंद्र बनते जा रहे हैं। सवाल उठता है कि जब आदेश स्पष्ट हैं, तो उनका पालन सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी कौन निभाएगा।

इस संबंध में थाना प्रभारी घनश्याम दांगी भैरूंदा ने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस कार्रवाई करती है। आगे भी जहां से शराब बिक्री की सूचना मिलती है पुलिस टीम मौके पर पहुंची है और जप्ती कार्रवाई करती है। नर्मदा क्षेत्र में सर्चिंग ऑपरेशन चलाया जाएगा।

### आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि आबकारी विभाग केवल औपचारिक कार्रवाई कर अपनी जिम्मेदारी निभाने का दिखावा कर रहा है, जबकि बड़े नेटवर्क पर कार्रवाई से बचा जा रहा है। इससे विभाग और अवैध कारोबारियों के बीच साठगांठ की आशंका और गहराती जा रही है। यदि ऐसा नहीं है, तो फिर इतने बड़े पैमाने पर चल रहे इस कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही-यह सवाल लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है।

### युवाओं की सेहत से खिलवाड़, बढ़ता खतरा

नर्मदा परिक्रमा क्षेत्र में तेजी से फैल रहा नशे का जाल युवाओं को अपनी गिरफ्त में ले रहा है। कच्ची और जहरीली शराब के सेवन से पहले भी जानें जा चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद सख्ती नहीं दिख रही। थोड़े से मुनाफे के लिए लोगों की जिंदगी से खिलवाड़ किया जा रहा है, जो किसी बड़ी अनहोनी का संकेत है।

# सड़क पर बहता पानी, प्यासे शहर की पुकारः वॉशिंग सेंटरों पर रोज की जा रही हजारों लीटर की बर्बादी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा




एक ओर भीषण गर्मी अपने चरम पर है और तापमान 44 डिग्री के पार पहुंचकर लोगों का जीना मुश्किल कर रहा है, वहीं दूसरी ओर शहर में पानी की खुलेआम बर्बादी ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हालात यह हैं कि जहां आमजन बूंद-बूंद पानी के लिए जूझ रहे हैं, वहीं नगर के कई वॉशिंग सेंटरों पर रोजाना हजारों लीटर पानी सड़कों पर बहाया जा रहा है। वाहनों की धुलाई के नाम पर पानी का अंधाधुंध उपयोग हो रहा है और यह कीमती संसाधन नालियों में बहकर बेकार जा रहा है।

नगर के प्रमुख भोपाल इंदौर मार्ग पर बड़ी मात्रा में वॉशिंग सेंटरों पर सुबह से लेकर शाम तक लगातार वाहनों की धुलाई होती रहती है। हाई प्रेशर मशीनों से की जा रही धुलाई में एक वाहन पर ही सैकड़ों लीटर पानी खर्च हो जाता है। दिनभर में दर्जनों वाहनों की सफाई के चलते यह आंकड़ा हजारों लीटर तक पहुंच जाता है। स्थिति यह है कि सड़क किनारे पानी बहने से कीचड़ और गंदगी भी फैल रही है, जिससे राहगीरों और आसपास के रहवासियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि जहां एक तरफ कई इलाकों में पानी की सप्लाई पर्याप्त नहीं हो पा रही है, वहीं दूसरी ओर इस तरह की बर्बादी न केवल गैर-जिम्मेदाराना है बल्कि भविष्य के लिए खतरे की घंटी भी है। जल संकट के इस दौर में हर बूंद की कीमत समझना जरूरी है, लेकिन वॉशिंग सेंटर संचालक बिना किसी रोक-टोक के पानी का दोहन कर रहे हैं। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इस पूरे मामले में जिम्मेदार प्रशासन की चुप्पी भी सवालों के घेरे में है। अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। न तो इन सेंटरों के लिए पानी उपयोग की कोई सीमा तय की गई है और न ही रीसाइक्लिंग सिस्टम को अनिवार्य किया गया है। यदि समय रहते इस पर नियंत्रण नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में जल संकट और गहरा सकता है। वॉशिंग सेंटरों पर वाटर रीसाइक्लिंग सिस्टम लागू करना बेहद जरूरी है, जिससे पानी का पुनः उपयोग हो सके और बर्बादी रोकी जा सके। साथ ही प्रशासन को नियमित निरीक्षण कर नियमों का पालन सुनिश्चित कराना चाहिए।

नगर परिषद सीएमओ रामप्रसाद भावरे ने कहा, नगर में संचालित वॉशिंग सेंटरों की जानकारी जुटाई जाएगी, कार्रवाई कर जुर्माना लगाया जाएगा।

### खेड़ापति हनुमान मंदिर का निर्माण पूरा

**सीहोर।** समीपस्थ ग्राम सारस में शनिवार को खेड़ापति हनुमान मंदिर का नवीन निर्माण कार्य पूरा हुआ। ग्रामवासियों ने भव्य भंडारा कराया। मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना हुई। हनुमान जी का आकर्षक शृंगार किया गया। चोला चढ़ाया गया। श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। दर्शन किए। प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में समाजसेवी डॉ. शिव वर्मा मौजूद रहे।

उन्होंने पूजा-अर्चना में भाग लिया। ग्रामवासियों के साथ प्रसादी ग्रहण की। मंदिर के धार्मिक अनुष्ठान के लिए 11 हजार रुपए की सहयोग राशि दी। भंडारे में आसपास के गांवों से भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचे। आयोजन में मनोज मेवाड़ा, मंडल उपाध्यक्ष अनिल जायसवाल, बालाराम बारेला, शेरसिंह राणा, बबलू विश्वकर्मा सहित कई नागरिक और ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामवासियों ने मंदिर निर्माण पूरा होने पर खुशी जताई। इसे क्षेत्र की आस्था का केंद्र बताया। कार्यक्रम में मौजूद लोग।

# उत्कृष्ट विद्यालय में संपन्न हुआ दाना पानी कार्यक्रम



**सीहोर।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 सीहोर में दाना-पानी कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य भीषण गर्मी में पक्षियों को भोजन एवं पानी उपलब्ध कराकर उनके प्रति संवेदनशीलता प्रकट करना है। संस्था प्राचार्य सुनीता जैन के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रमअधिकारी देवेंद्र कुमार राय के नेतृत्व में सफल हुआ। नेशनल कैंपर मानसी प्रजापति स्टेट कैंपर प्रीति परमार दर्शना दोहरे जतिन कांचवानी एवं साथी स्वयंसेवकों की सहभागिता रही कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय परिवार के विद्वान शिक्षक संतोष सोनी, डॉक्टर राजेंद्र देशमुख, स्वतंत्र पाठक एवं रामवृक्ष भारद्वाज का विशेष सहयोग रहा।

### अखलेश कुमार गौर बने शाहगंज ब्लाक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष



**सीहोर।** अखिल भारतीय कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष लालजी भाई देशाई, म.पं.कांग्रेस सेवादल प्रदेश अध्यक्ष अवनाश कुमार भार्गव, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजीव गुजराती की अनुसंशा पर जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक द्वारा ग्राम अकोला निवासी अखलेश कुमार गौर को सम्पूर्ण शाहगंज ब्लाक कांग्रेस सेवादल का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। गौर को नियुक्त किये जाने पर पूर्व मंत्री म.प्र.शासन राजकुमार पटेल, पूर्व जिला पांचायत अध्यक्ष धर्मेन्द्र चौहान, महेश राजपूत, सीहोर जिला कांग्रेस कमेटी प्रभारी जयश्री हरिकरण, दिनेश मेघानी, नरेन्द्र खंगराले सेवादल कांग्रेस अध्यक्ष, सेवादल कांग्रेस प्रदेश सचिव डॉ.जितेन्द्र चन्द्रवंशी, सोनू राजपूत, गिरवर चौहान, निर्मल चौधरी, बहादुर सिंह चौहान, सतीष शर्मा, चच्चु गौर, अभिषेक गौर, जसवंत सिंह अध्यक्ष भैरुंदा, भागीरथ कटारे अध्यक्ष लाडकुई, नर्बदा प्रसाद बकोरिया अध्यक्ष गोपालपुर, संजय शर्मा प्रभारी बुधनी विधानसभा, आमीर पटेल अध्यक्ष बुधनी, शाहगंज अध्यक्ष अखिलेश कुमार गौर, अजय दुबे अध्यक्ष रेहटी, विष्णु शर्मा प्रभारी आष्टा विधानसभा, आत्माराम परमार अध्यक्ष आष्टा, धीरज सिंह ठाकुर अध्यक्ष जावर, पूर्व सरपंच औंकार सिंह पेरवाल अध्यक्ष सिद्धिकगंज ब्लाक, देवकरण मालवीय, मुस्ताक अहमद, मांगीलाल टिमरई ब्लाक अध्यक्ष सीहोर, दीपक सोनकर, कमल सूर्यवंशी, महेश कुमार, मेहमूद अली, मदनलाल मालवीय, प्रेम नारायण परमार, मुन्नालाल मालवीय, डी.पी.आर्य, पन्नालाल खंगराले, धन्नालाल परचौले, इंजि.जितेन्द्र सिंह, घनश्याम जाटव, नारायण परमार, जयराम जाटव, नारायण सिंह परिहार, खुमान सिंह गुर्जर ब्लाक अध्यक्ष श्यामपुर, आरती नरेन्द्र खंगराले पूर्व पार्षद, गायत्री चन्द्रवंशी, आशा गुप्ता, मना वर्मा आदि ने बधाई एवं शुभकामनाऐं प्रेषित की हैं।

# फाइनल मैच में आईपीसीए ने अलअहमद को नौ विकेट से हराया



**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर स्व.श्रीराजमल मेवाड़ा पूर्व विधायक की स्मृति में खेली जा रही कारपोरेट क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल मैच में आईपीसीए भोपाल ने अलअहमद सीनियर क्रिकेट वारियर्स को नौ विकेट से हराया। आईपीसीए की ओर से समीर कुरैशी ने 24 गेंद पर 68 रन की पारी खेली। वहीं पूर्व अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट जेपी यादव ने 33 रन बनाए। प्रतियोगिता के समापन के पश्चात जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय, भाजपा के जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, अनिल पालीवाल, कैलाश अग्रवाल, अशोक रायसिंह कमल डबरी, राजकुमार गुप्ता, एसोसिएशन के सचिव अतुल तिवारी, सुदीप प्रजापति, सुशील ताम्रकार, विपिन सास्ता, विजेन्द्र परमार, मुकेश मेवाड़ा, राजेश मांझी, जिला भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष समीर मेवाड़ा, विजय मेवाड़ा, गौरव मेवाड़ा, आशीष मेवाड़ा, अनुज मेवाड़ा, सुरेन्द्र रल्हन, वरुण शर्मा, नागेन्द्र व्यास, आशीष शर्मा, नवीनत तोमर, आयोजनकर्ता चेतन मेवाड़ा आदि ने खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी अलअहमद सीनियर ने 18.4 ओवर में दस विकेट खोकर 115 रन का स्कोर बनाया था। इसमें शाबिर मोहम्मद ने 38 गेंद पर 65 रन, हिमांशु तिवारी 14 रन, आमिर खान 16 रन बनाए थे। वहीं देवेन्द्र सिंह, सन्नी भटनागर, विनोद पाल ने तीन-तीन विकेट और एक विकेट पियुष राज सक्सेना ने हासिल किया।

**एक विकेट खोकर हासिल किया लक्ष्य :** डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि लक्ष्य का पीछा करने उतरी आईपीसीए की शुरूआत शानदार रही इसमें क्रीज पर उतरे सलामी बल्लेबाज समीर कुरैशी ने 68 रन, जेपी यादव ने 33 रन की विस्फोटक शुरूआत दी। वहीं मात्र छह गेंद पर अब्दुल अकिल ने 16 रन बनाए। अलअहमद सीनियर की ओर से गेंदबाजी करते हुए एक मात्र विकेट दीपेश पाल ने हासिल किया।

## गो सम्मान आह्वान अभियानः आज नगर में एकजुट होंगे गो भक्त

# 5 हजार भक्तों की गूंजेगी आवाज, राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा




गो माता को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान दिलाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से चलाया जा रहा "गो सम्मान आह्वान अभियान" अब जनआंदोलन का रूप लेता जा रहा है। इसी कड़ी में 27 अप्रैल को भैरूंदा नगर में हजारों गो भक्त एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद करेंगे और प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपेंगे।

जानकारी के अनुसार, सुबह 10 बजे नगर के कृषि संगोष्ठी भवन में कार्यक्रम आयोजित होगा, जिसमें लगभग 5 हजार संतों और गो भक्तों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम दोपहर 2 बजे तक चलेगा। इसके बाद रैली निकाली जाएगी, जो तहसील कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपेगी। अभियान के दौरान गो संरक्षण, सुरक्षा और सम्मान को लेकर एक स्वर में मांग उठाई जाएगी। गो सेवकों का कहना है कि गो माता भारतीय संस्कृति, आस्था और परंपरा का अहम प्रतीक है, इसलिए उनके संरक्षण के लिए ठोस और प्रभावी कदम उठाना समय की जरूरत है।

प्रमुख मांगें अभियान के तहत सौंपे जाने वाले ज्ञापन में देशभर में गो हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल है। साथ ही गो माता को राष्ट्रमाता, राष्ट्रदेव, राष्ट्र आराध्या, राष्ट्र धरोहर या राष्ट्र आधार के रूप में सम्मानित दर्जा देने की मांग भी उठाई जाएगी। इसके अलावा केंद्र स्तर पर सशक्त कानून बनाने और "गो सेवा मंत्रालय" के गठन की मांग भी प्रमुखता से रखी जाएगी।

सड़कों पर भटकती गो माता चिंता का विषय गोभक्तों ने सड़कों पर घूम रही गो माता की स्थिति पर चिंता जताई है। उनका कहना है कि खुले में विचरण कर रही गोमाता आए दिन सड़क दुर्घटनाओं का शिकार हो रही हैं। ऐसे में उनके लिए सुरक्षित आश्रय, चारा और देखभाल की समुचित व्यवस्था करना आवश्यक है।

गो सेवकों का मानना है कि यह अभियान जनजागरण का बड़ा माध्यम बनेगा, जिससे शासन-प्रशासन तक गो संरक्षण की मांग प्रभावी रूप से पहुंचेगी और भविष्य में ठोस कदम उठाए जाने की उम्मीद है।

# सीहोर की बेटी डॉ. रूपाली सोनी को बॉलीवुड अभिनेत्री जयाप्रदा के हाथों मिला कथक नृत्य गुरु रत्न अवार्ड

**सीहोर।** कथक नृत्य की प्रतिभा शिल्पकार डॉ. रुपाली सोनी, डायरेक्टर सरस्वती कथक डांस कला केन्द्र सीहोर को हेदराबाद में आयोजित इन्साईड मीडिया सक्सेस कार्यक्रम में नृत्य के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने हेतु लोबल लीडरशिप अवार्ड-2026 में प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री जयाप्रदा के हाथों से कथक नृत्य गुरु रत्न अवार्ड की उपाधि से सम्मानित किया गया, जो सीहोर के लिए गर्व की बात है।

डॉ. रुपाली सोनी सीहोर की निवासी हैं और उन्होंने कथक नृत्य में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। उन्होंने शास्त्रीय नृत्य, फोक नृत्य, नृत्य नाटिका एकल एवं सामूहिक नृत्य में प्रादेशिक, राष्ट्रीय स्तर तक ख्याति प्राप्त की है। डॉ. रुपाली को इससे पहले भी पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा नगर गौर सम्मान तथा 150 से अधिक बार प्रादेशिक, राष्ट्रीय मंचों पर विभिन्न संस्थाओं द्वारा कथक कलाकार, कथक गुरु, प्रतिभा शिल्पकार, नृत्य साधना, कथक निर्णायक आदि अनेकानेक उपाधियों से सम्मानित किया जा चुका है।

डॉ. रुपाली अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता कान्ता- स्व. देवकीनंदन भट्टर, गुरु स्व. पंडित वासुदेव मिश्रा एवं प्रफुल्ल गेहलोत सर तथा अपने पति नवीन सोनी को देती हैं। डॉ. रुपाली का सपना था एक बार प्रसिद्ध नृत्य कलाकार अभिनेत्री जयाप्रदा से मिलना, जो इस कार्यक्रम में उनके हाथों से "ग्लोबल लीडरशिप अवार्ड-2026 टाइटल " कथक नृत्य गुरु रत्न अवार्ड इन क्लासिकल डांस के रूप में प्राप्त हुआ।



डॉ. रुपाली की संस्था सरस्वती कथक (डांस) कला केंद्र द्वारा शहर में विभिन्न संस्थाओं और संगठनों द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में बढ़चढ़ कर एकल, सामूहिक प्रस्तुति दी जाती रही है।

उनके सिखाए बच्चे आज सीहोर ही नहीं प्रादेशिक एवं राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना रहे हैं और अपने कैरियर को सवार रहे हैं। डॉ. रुपाली की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर नगर के सभी सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक संगठनों एवं परिवार मित्र सदस्यों द्वारा बधाइयाँ और शुभकामनाएँ दी जा रही हैं।

## खबर संक्षेप

### विधायक भवरा बने सहारा, बेटी तक पहुंचाई आर्थिक मदद

**कांटाफोड़।** बागली विधानसभा क्षेत्र से एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसने हर संवेदनशील व्यक्ति का दिल छू लिया। आर्थिक तंगी से जूझ रही एक बेटी के सपनों को तब नया सहारा मिला, जब विधायक मुरली भंवरा ने आगे बढ़कर उसके भविष्य की जिम्मेदारी अपने कंधों पर ले ली।नगर कांटाफोड़ के वार्ड क्रमांक 3 निवासी नेहा (पिता प्रेम लडोलिया) ने जनता दरबार में पहुंचकर अपनी मजबूरी बयां की। उसने बताया कि उसके पिता पानी-पूरी का ठेला लगाकर किसी तरह परिवार का गुजारा करते हैं। घर की जरूरतें पूरी हो जाती हैं, लेकिन उसकी पढ़ाई के लिए पैसे नहीं बच पाते। यह कहते-कहते उसकी आंखें भर आई, लेकिन उसके सपनों में अब भी उम्मीद जिंदा थी। नेहा की यह पीड़ा सुनकर विधायक मुरली भंवरा का दिल पसीज गया। उन्होंने बिना देर किए उसी समय निर्णय लिया कि इस बेटी की पढ़ाई अब पैसों के अभाव में नहीं रुकेगी।शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर, कांटाफोड़ में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने अपने वेतन से 25,000 की सहायता राशि प्रदान की।इस दौरान नेहा ने कहा, की विधायक जी, आपकी यह मदद मेरे लिए सिर्फ पैसे नहीं, बल्कि मेरे सपनों की नई शुरुआत है। आपके सहयोग से मैंने 12वीं प्रथम श्रेणी में पास किया है। मैं वादा करती हूं कि एक दिन अपने माता-पिता और क्षेत्र का नाम रोशन करूंगी।"

### स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के लिए नगर परिषद ने कसी कमर

# कचरा वाहन के समय पर पहुंचने, कचरा उठाव सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

मुख्य मार्ग के साथ-साथ भीतरी बस्तियों में भी नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर को स्वच्छता के शिखर पर ले जाने और आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों को पुख्ता करने के उद्देश्य से मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीएमओ हरीश कुमार सोनी द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों एवं सार्वजनिक स्थलों का सघन भ्रमण कर जायजा लिया गया।

#### स्वच्छता व्यवस्था का जमीनी निरीक्षण

भ्रमण के दौरान श्री सोनी ने गलियों की सफाई, कचरा संग्रहण और नालियों की स्थिति का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया। उन्होंने कचरा वाहन के समय पर पहुंचने और शत-प्रतिशत कचरा उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जहां सफाई व्यवस्था बेहतर पाई गई वहां उन्होंने कर्मचारियों का उत्साहवर्धन किया, वहीं लापरवाही मिलने पर संबंधितों को कड़ी फटकार भी लगाई।

#### स्वच्छ सर्वेक्षण की समीक्षा व निर्देश

आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 को ध्यान में रखते हुए सीएमओ हरीश कुमार सोनी ने दरोगाओं और स्वच्छता प्रभारियों के साथ बैठक की। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वच्छता के मानकों में किसी भी स्तर पर ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

#### निरीक्षण के दौरान दिए निर्देश



**दरोगाओं को कड़े निर्देश:** मुख्य मार्ग के साथ-साथ भीतरी बस्तियों में भी नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए।

**कचरा पृथक्करण:** नागरिकों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग देने के लिए विशेष रूप से जागरूक करे।

**सार्वजनिक शौचालय:** सामुदायिक एवं सार्वजनिक शौचालयों की नियमित सफाई और वहां पानी-बिजली की सुचारू व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

**सौंदर्यीकरण:** शहर के प्रमुख चौराहों और सार्वजनिक स्थलों पर सौंदर्यीकरण और 'जीरो वेस्ट' मॉडल पर काम करने की योजना साझा की।

#### नागरिकों से की अपील

निरीक्षण के अंत में श्री सोनी ने आम नागरिकों से भी अपील की कि वे नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में नगर पालिका का सहयोग करें। उन्होंने कहा, ₹स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में हमारे शहर को अव्वल स्थान दिलाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। कचरा हमेशा निर्धारित स्थान पर ही डालें और सिंगल यूज प्लास्टिक का त्याग करें। इस भ्रमण के दौरान नगर पालिका के स्वच्छता निरीक्षक, क्षेत्रीय दरोगा रोहित चिंतामन और सफाई कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# नरवाई प्रबंधन को बढ़ावा किसान का किया सम्मान

### अधिकारियों ने देखी यंत्र की कार्यप्रणाली



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के निर्देशानुसार नरवाई (फसल अवशेष) जलाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। पर्यावरण संरक्षण एवं भूमि की उर्वरता बनाए रखने के उद्देश्य से शासन द्वारा नरवाई प्रबंधन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में तहसील जावर के कुंडिया धागा गांव के प्रगतिशील किसान भारत सिंह पिता पर्वत सिंह ने एक सराहनीय पहल करते हुए नरवाई प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। हल्का पटवारी शिवचरण रणकौशल द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर तहसीलदार जावर ओमप्रकाश चोरमा ने पटवारी के साथ स्वयं मौके पर पहुंचकर इस यंत्र की कार्यप्रणाली को देखा और समझा। किसान भारत सिंह ने बताया कि उन्होंने अपनी एवं अपने परिवार की कुल 65 एकड़ भूमि में इस तकनीक के माध्यम से सफलतापूर्वक नरवाई प्रबंधन किया है। यह यंत्र कम लागत में अधिक क्षेत्र में प्रभावी कार्य करने में सक्षम है। तहसीलदार ओमप्रकाश चोरमा द्वारा बताया कि किसान भारत सिंह ने टिमरनी क्षेत्र से 'पाटा' नामक एक देशी जुगाड़ से निर्मित कृषि यंत्र खरीदा है। इस यंत्र की विशेषता यह है कि इसके निचले हिस्से में ब्लेड लगी होती है, जिससे ट्रैक्टर के माध्यम से खेत में चलाने पर नरवाई जड़ से कट जाती है। इसके पश्चात खेत में कल्टीवेटर या प्लाऊ चलाने से फसल अवशेष मिट्टी में मिल जाते हैं, जिससे भूमि की उर्वरता में वृद्धि होती है।

किसान की इस प्रेरणादायक पहल से प्रभावित होकर तहसीलदार द्वारा उनका पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मान किया गया। साथ ही आशा व्यक्त की कि भारत सिंह के इस तरह के कम खर्चीले नवाचार को अपनाकर अधिक से अधिक किसान नरवाई प्रबंधन को अपनाएंगे। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा नरवाई प्रबंधन को अपनाने हेतु किसानों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है तथा कृषि यंत्रों पर सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है। वहीं, नरवाई जलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई भी सुनिश्चित की जा रही है।

## सेन थॉम एकेडमी में जल पखवाड़ा व पृथ्वी दिवस पर हुए कई आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

सेन थॉम एकेडमी में जल पखवाड़ा एवं पृथ्वी दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इन गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना था। विद्यालय में जल संरक्षण शपथ का आयोजन किया गया।

सभी छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने सामूहिक रूप से जल बचाने, उसका सदुपयोग करने तथा भविष्य की पीढ़ियों के लिए उसे संरक्षित रखने की शपथ ली। पृथ्वी दिवस के अवसर पर कई रचनात्मक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। इनमें निबंध लेखन प्रतियोगिता और पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता शामिल थीं, जिनमें विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, पर्यावरण सुरक्षा एवं पृथ्वी को बचाने के विषय पर अपने विचार लेखन एवं चित्रकला के माध्यम से प्रस्तुत किए। इसके अतिरिक्त, विद्यार्थियों ने "सेव अर्थ" शपथ ली, जिसमें उन्होंने पृथ्वी को स्वच्छ और सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने भी इस आयोजन में उत्साह और रंग भर दिए, जिनमें "डांस ऑफ ट्रीज़" विशेष रूप से आकर्षक रहा, जिसने नृत्य के माध्यम से वृक्षों के महत्व को दर्शाया। इसके साथ ही "पृथ्वी" विषय पर एक भूमिका-निर्वाह (रोल प्ले) भी प्रस्तुत किया गया, जिसने पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचाया।

# मुनि संस्कार सागर जी ने कोठरी के बेदी प्रतिष्ठा समारोह के लिए आष्टा से किया मंगल विहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

परम पूज्य आचार्य 108 विनिश्चय सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य मुनि श्री 108 संस्कार सागर जी महाराज एवं क्षुल्लक 105 कमल सागर जी महाराज का मंगल विहार शनिवार शाम श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन दिव्योदय अतिशय तीर्थ क्षेत्र किला मंदिर, आष्टा से कोठरी के लिए हुआ।

मुनि संघ रविवार प्रातः सात्विक एग्रो से विहार करते हुए प्रातः 7:45 बजे कोठरी पहुंचेगा, जहां समाजजनों द्वारा भव्य अगवानी की जाएगी। नगर में मुनि संघ के आगमन को लेकर व्यापक तैयारियां की गई हैं और पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

#### जिनालय में वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव

कोठरी स्थित धर्मनाथ दिगंबर जैन जिनालय में नवीन वेदी निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। इस उपलक्ष्य में 27 से 29 अप्रैल तक तीन दिवसीय श्रीमद जिनेंद्र वेदी प्रतिष्ठा महामहोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन मुनि संस्कार सागर जी एवं क्षुल्लक कमल सागर जी के पावन सानिध्य में सम्पन्न होगा। प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए महापात्रों का



चयन पूर्व में मुनि संघ के सानिध्य में सम्पन्न हो चुका है। आयोजन के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान, पूजन एवं विधान आयोजित किए जाएंगे। वेदी प्रतिष्ठा का मुख्य कार्य राष्ट्रीय रत्न प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी डॉ. शोभित भैय्या मड़ावरा द्वारा विधिवत सम्पन्न कराया जाएगा।

#### मुनिश्री के आशीर्वचन

इस अवसर पर मुनि श्री संस्कार सागर जी महाराज ने अपने आशीर्वचनों में कहा कि "धर्म ही आत्मा को शुद्ध करने का सच्चा मार्ग है। जिनेंद्र भगवान की आराधना और वेदी प्रतिष्ठा जैसे पुण्य कार्य जीव को मोक्ष मार्ग की ओर अग्रसर करते हैं। हमें अपने जीवन में संयम, साधना और त्याग को अपनाकर आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

#### वातावरण होगा सशक्त

समाज के नरेंद्र गंगवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस भव्य आयोजन को लेकर क्षेत्र के जैन समाज में विशेष उत्साह है। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है, जिससे कोठरी क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण और अधिक सशक्त होगा।

### दूल्हे के चचेरे भाई समेत तीन की मौत

# विदिशा में बारातियों से भरी कार में वाहन की टक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर से बीना जा रही एक बारात विदिशा के पास सड़क हादसे का शिकार हो गई। हादसे में दूल्हे के चचेरे भाई सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जिससे खुशियों का माहौल मातम में बदल गया। यह हादसा विदिशा जिले के पैराखेड़ी क्षेत्र के पास शुक्रवार शाम हुआ। शनिवार को तीनों शवों को घर पर लाया गया। दोपहर को बारात बीना के लिए रवाना हुई थी। शाम को हादसा हो गया। मृतकों में देवास निवासी 24 वर्षीय प्रतीश भेड़िया शामिल हैं, जो दूल्हे संदीप सूर्या के चचेरे भाई थे। उनके साथ इंदौर निवासी दोस्त अमित और एक अन्य रिश्तेदार की भी जान चली गई। तीनों की मौत घटनास्थल पर ही हो



गई थी। परिजन मुकेश भेड़िया ने बताया कि दोपहर में खुशी-खुशी बारात रवाना हुई थी, लेकिन शाम होते-होते हादसे की खबर ने पूरे परिवार को सदमे में डाल दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद शनिवार सुबह प्रतीश भेड़िया के घर पर रिश्तेदारों और परिचितों की भीड़ लग गई। परिवार में शोक का माहौल है। जिस घर से कुछ घंटे पहले

## झोपड़ी में लगी भीषण आग 7 लाख रुपए के नोट जले

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर से 20 किलोमीटर दूर शनिवार को 4 झोपड़ियों में आग लग गई। इसमें एक व्यापारी के करीब सात लाख रुपए जल गए। मौके से ढाई लाख रुपए के अधजले नोटों की गड्डियां मिली हैं। आग की लपटों से झोपड़ियों के पास में बने खाटूश्याम मंदिर को भी नुकसान पहुंचा है। हादसा देवास के नेवरी फाटा इलाके में शुक्रवार दोपहर करीब 12:30 बजे चौकी के पीछे हुआ। झोपड़ियों में रहने वाले लोगों ने किसी तरह अपनी जान बचाई। हालांकि, उनका अधिकांश सामान आग में जल गया। सूचना मिलते ही देवास और सोनकच्छ से फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं। करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर लगभग 2:30 बजे आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया। झोपड़ी मालिक बाबूलाल नाथ ने बताया कि वह साबूदाना, निरमा, प्लास्टिक टब आदि अलग-अलग राज्यों में बेचने जाते हैं। दो दिन पहले ही महाराष्ट्र में सामान बेचकर लौटे थे।

# बागली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर विश्व मलेरिया दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागली

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागली में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स एवं जिला मलेरिया अधिकारी दौलत पटेल के मार्गदर्शन में तथा बीएमओ डॉ. अमित नागर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ. नागर ने अपने उद्बोधन में बताया कि डेंगू (वायरल) और मलेरिया (परजीवी) मच्छरों से फैलने वाली प्रमुख बीमारियां हैं। दोनों में तेज बुखार, सिरदर्द और बदन दर्द जैसे लक्षण सामान्य होते हैं, लेकिन डेंगू में जोड़ों का दर्द और प्लेटलेट्स की कमी होती है, जबकि मलेरिया में ठंड लगकर बुखार आना प्रमुख लक्षण है। कार्यक्रम में बागली सुपरवाइजर नंदकिशोर मोहवाल ने कहा कि मलेरिया एक गंभीर और कभी-कभी जानलेवा बीमारी हो सकती है। इससे बचाव के लिए आसपास पानी जमा न होने दें, सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें और मच्छरों से बचाव के उपाय अपनाएं। कार्यक्रम के दौरान मलेरिया इंस्पेक्टर सुरेश वाजपेयी ने उपस्थित कर्मचारियों को मलेरिया उन्मूलन की शपथ दिलाई। इस मौके पर बीईई आर.एस. चौहान, बीपीएम रतन जामले, यतिंद्र बेरागी, मुकेश उपाध्याय, किशोर मंडलोई, निलेश राठौर, प्रकाश भार्गव, सिताराम सोलंकी, अनिल धाकरे सहित ब्लॉक के सीएचओ, एएनएम एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत कालूखेड़ी तालाब पर किया श्रमदान

# महापौर, सभापति ने दिलाई जल संरक्षण की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

नगर निगम द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शनिवार को कालूखेड़ी तालाब पर श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महापौर गीता अग्रवाल, सभापति रवि जैन, विधायक प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, आयुक्त दलीप कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि संजय दायमा, निगम उपायुक्त आरती खेड़ेकर, एसबीएम प्रभारी सौरभ त्रिपाठी, स्वच्छता निरीक्षक रवि गोयनार एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी, जनप्रतिनिधिगण, स्वच्छता टीम से विशाल जोशी, अरुण तोमर, भाजपा नेता विपुल अग्रवाल, तथा आईईसी सदस्य उपस्थित रहे। सभापति रवि जैन ने महापौर के साथ सभी को जल संचय, पानी बचाओ तथा जलाशयों की सफाई के लिए शपथ दिलाई। इसके पश्चात तालाब पर सफाई अभियान चलाया गया।





इस दौरान महापौर अग्रवाल ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार के जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कालूखेड़ी तालाब पर जनभागीदारी के साथ श्रमदान कर तालाब की सफाई की जा रही है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। सभापति जैन ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जलाशयों को सुरक्षित रखने के लिए सफाई के साथ साथ निगम द्वारा आमजनों में जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। वार्डों व आसपास के मोहल्लों में जन अभियान के साथ हम सब मिलकर कुएं, बावड़ी और जलाशयों की सफाई में श्रमदान देकर उसे स्वच्छ रखने के लिए सतत अभियानरत रहें। विधायक प्रतिनिधि अग्रवाल ने कहा कि जल संचय एवं जल गंगा संवर्धन के लिए हम सब को आने वाली पीढ़ी के लिए जलाशयों में पानी का संचय करना है। पानी को व्यर्थ नहीं बहाना है तथा कुएं, बावड़ी, जलाशयों का पूरा ध्यान रखते हुए निरंतर सफाई करने के साथ हमारे घरों में वर्षा के पानी का रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाकर पानी संचय करना है। इससे हमारे जल स्त्रोत बढ़ेंगे तथा वर्षा का पानी पुनः जमीन में जाने से ट्यूबवेल भी जीवित रहेंगे। निगम आयुक्त दलीप कुमार ने बताया कि यह अभियान मार्च में शुरू हुआ है जो जून तक चलेगा। अभियान के तहत कुएं, बावड़ी और तालाबों एवं जलाशयों की निरंतर जनसहयोग से श्रमदान कर सफाई की जा रही है। इस अभियान से आमजन को जोड़ना हमारा लक्ष्य है। वार्ड पार्षद प्रतिनिधि दायमा ने कहा कि चलाए जा रहे जल संचय अभियान में कालूखेड़ी तालाब पर श्रमदान में हम सब ने संकल्प लिया है कि देवास शहर को स्वच्छ एवं सुंदर रखने के साथ ही हमारे शहर के कुएं, बावड़ियों को साफ कर उन्हें जीवित रखना है तथा स्वच्छता में सहभागिता देना है।

## नगर परिषद ने बढ़ते ट्रैफिक के मध्य नगर सुरक्षा के लिए किए इंतजाम, लगाए स्पीड ब्रेकर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

जावर नगर में सड़क हादसों पर रोक लगने के लिए जावर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य ने एवं सीएमओ हरीश सोनी, पार्षद संजय अजमेरा, पार्षद बंटी राठौर, पार्षद वीरेंद्र ठाकुर एक अनूठा प्रयास किया जिसमें जावर के वार्ड क्रमांक 13 ,12 और 5 में मुख्य बाजार में स्पीड ब्रेकर लगवाए गए। ताकि आने जाने वाले तेज रफ्तार के कारण हादसा एक्सीडेंट नहीं हो सके।

वही मनोज वैद्य ने बताया कि जावर में प्राचीन धाम मां महिषासुर मर्दिनी, बालाजी खेलापति धाम और बाबा लखन धाम में रोज हजारों श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं वह सुरक्षित रहे आमजन की सुरक्षा के लिए मैं और हमारी परिषद में एक अनूठा प्रयास किया और मुख्य बाजार में स्पीड ब्रेकर लगवाएं जिससे हादसों में रोक लगेगी और पैदल चलने वाले आम लोगों को राहत मिलेगी वही वैद्य ने कहा कि मैं




सदैव जनता के हितों के लिए कार्य कर्ता रहूंगा मेरे द्वारा आम जनता से किए गए वादे में पूरे कर रहा हूं हम जब चुनाव में गए थे।

जब हमने वादे किए थे जनता से हम सभी वादे शत प्रतिशत पूरे कर रहे हैं आज मेरा जावर विकासशील स्वर्णिम जावर बन रहा हे मैं निरंतर अपनी परिषद और मुख्य नगर पालिका अधिकारी हरीश सोनी ने सभी पार्षदों के साथ जावर नगर में करोड़ों के विकास कार्य क्षेत्र विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा के मार्गदर्शन में हम करवा रहे हैं।

आज जावर नगर के प्रमुख मार्गो के प्रमुख स्थानों पर बढ़ रहे ट्रैफिक के मध्य नजर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ब्रेकर लगवाए गए इस अवसर पर उपस्थित नगर परिषद सीएमओ हरीश सोनी, संजय अजमेरा, बंटी राठौर, वीरेंद्र ठाकुर, राजू भावसार एवं नगर परिषद स्टाफ उपस्थित रहे।

# हरिभूमि

समाचार ही नहीं, विचार भी

# सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार 2026

## प्रथम उपहार 1 कार



### द्वितीय उपहार
**3 नग बाईक**



### तृतीय उपहार
**10 नग LED TV**



### चतुर्थ उपहार
**5 नग फ्रीज**



### पांचवा उपहार
**8 नग वासिंग मशीन**



### छठवां उपहार
**15 नग गैस चूल्हा**



### सातवां उपहार
**25 नग सिलिंग फैन**



### आठवां उपहार
**40 नग ट्राली बैग**



### नवां उपहार
**500 नग हॉट पॉट**



### दसवां उपहार
**600 नग लंच बाक्स**



### ग्यारहवां उपहार
**प्रत्येक प्रतिभागी को सांत्वना उपहार**



**नियम एवं शर्तें :-** ❖ यह सुनहरा मौका, सुनिश्चित उपहार योजना 1 मई 2026 से 31 दिसम्बर 2026 की अवधि के लिए है । ❖ हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं। ❖ महालक्की ड्रा. में भाग लेने वाले हर प्रतिभागी को एक सुनिश्चित उपहार जीतने का अवसर होगा। ❖ इस योजना अवधि में हरिभूमि समाचार पत्र में कुल 50 कूपन (35 सामान्य कूपन एवं 15 मास्टर कूपन) प्रकाशित किये जाएंगे। ❖ योजना में भाग लेने के लिये पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट पर उपरोक्त अवधि के दौरान समाचार पत्र में प्रकाशित 50 कूपनों में से कुल 30 कूपन (20 सामान्य एवं 10 मास्टर कूपन ) चिपकाने होंगे। ❖ फोटोकॉपी या कटे-फटे कूपन व फार्मेट मान्य नहीं होगे । ❖ राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। ❖ सुनहरा मौका सुनिश्चित उपहार योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी । ❖ हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। ❖ किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर (छ.ग.) होगा। ❖ चित्र में दर्शाए गए उपहार वास्तविक उपहार से भिन्न हो सकते हैं । ❖ हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते ।

**आज ही हरिभूमि की प्रति बुकिंग करायें**

हरिभूमि कार्यालय : मानसरोवर कॉम्प्लेक्स, 4 तल, पीवी 2, बी ब्लॉक, कमलापति रेल्वे स्टेशन के पास, शिवाजी नगर, भोपाल

**मो. 8770833858, 8349245522**